Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding opening of Passport Office in Gondia.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपके माध्यम से माननीय विदेश मंत्री जी का ध्यान अपने क्षेत्र गोंदिया की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ, जहां मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट तो है, वहां से विमान सेवा भी शुरू हुई है, लेकिन अभी तक वहां पासपोर्ट बनाने का कार्यालय शुरू नहीं हुआ है । ... (व्यवधान) गोंदिया एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है । पासपोर्ट बनाने के लिए वहां के लोगों को करीब-करीब 100 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है । इसमें उनका समय भी लगता है और खर्चा भी ज्यादा होता है ।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय विदेश मंत्री जी से गुजारिश करना चाहता हूं कि गोंदिया में जल्द से जल्द एक पासपोर्ट कार्यालय खोलने का निर्देश दें । धन्यवाद ।